# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
# उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अमेठी

पत्रांक 1278 / कार्य-2 / 62 दिनांक 25/08/26

सेवा में,

जिला सूचना अधिकारी,
अमेठी।

**विषयः दैनिक भास्कर के माध्यम से "मंगरौली–अंकरा मार्ग जर्जरःजल जीवन मिशन के लिए तोड़ी सड़क की मरम्मत नहीं करवाया" में प्रकाशित खबर के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके संज्ञान में लाना है कि दैनिक भास्कर (अमेठी लोकल संस्करण) में "अमेठी–जगदीशपुर–मंगरोली–अंकरा रोड रिपेयर पेंडिंग" शीर्षक से प्रकाशित खबर का विभाग द्वारा संज्ञान लिया गया है। इस संबंध में उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) खंड–अमेठी की ओर से वस्तुस्थिति स्पष्ट की जाती है किः

- उक्त क्षेत्र में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल योजना हेतु पाइपलाइन डालने का कार्य HDD प्रक्रिया के माध्यम से किया गया है, जिसके तहत जमीन के अंदर ही बोरिंग करके पाइप डाले जाते हैं ताकि सड़क या ऊपरी सतह को कम से कम नुकसान पहुँचे।
- इस तकनीक के प्रयोग के कारण सड़क की सतह पर किसी प्रकार की बड़ी कटाई या क्षति नहीं की गई है।
- उक्त मार्ग पर यदि किसी प्रकार की सड़क मरम्मत का मुद्दा या समस्या बनी हुई है, तो उसका संबंध उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) अथवा 'जल जीवन मिशन' के अंतर्गत कराए गए कार्यों से कथनूरूप या प्रत्यक्ष रूप से नहीं है।

अतः अनुरोध है कि इस तथ्यात्मक स्थिति से अवगत होना चाहें। जिससे विभाग की छवि के संबंध में किसी प्रकार का संशय न रहे।

**भवदीय**

A. Tripathi

**अधिशासी अभियन्ता**

पृं0सं0 / / दिनांक

**प्रतिलिपिः**–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अयोध्या(कैम्प–बाराबंकी) को सादर सूचनार्थ।
2. जिलाधिकारी महोदय, अमेठी को सादर सूचनार्थ।
3. मुख्य विकास अधिकारी महोदया, अमेठी को सादर सूचनार्थ।
4. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता / जूनियर इंजीनियर।

**अधिशासी अभियन्ता**